तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025

11 एसपी यशवर्धन ने जलभराव वाले क्षेत्रों का लिया जायजा



12 पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हो हिसार : मेयर पोपली



## जलभराव से परेशान रामगढ़ के लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम

# छह दिनों से हो रही बारिश मकानों में आने लगी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिलेभर में पिछले छह दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। कई गांवों में जलभराव के कारण लोग बेघर हो गए हैं। खेतों के साथ आबादी वाले इलाकों में भी बरसाती पानी घुसने चुका है।

डीसी के आदेश पर डीईओ ने जिले के सभी सरकारी तथा निजी स्कूलों में अवकाश को दो दिन और बढ़ा दिया है। जलभराव को देखते स्वास्थ्य विभाग की अलर्ट मोड़ में आ गया है। प्रभावित इलाकों में विभाग की तरफ से मेडिकल जांच शिविर लगाए जा रहे हैं, साथ ही सैंपलिंग भी की जा रही है। उधर, जलभराव से परेशान लोगों का सब्र भी अब टूटने लगा है। जलभराव से परेशान रामगढ़ बस्ती के ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह गांव गंगवा में नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। बाद में अधिकारियों ने रामगढ़ बस्ती से जल निकासी का कार्य शुरू करवा, तब जाकर क्षेत्रवासियों ने जाम खोला। इसके अलावा बारिश और जलभराव से हुए फसल नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने बालसमंद सब तहसील का घेराव किया और हिसार-भादरा मार्ग पर जाम लगा दिया। उधर, जिले में ड्रेनें लगातार टूट रही है। रात्रि को हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन एक बार फिर से जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के गांव में टूट गई, जिससे 500 से अधिक एकड़ में जलभराव हो गया। इसके अलावा गांव खरड़ में भी ड्रेन टूटने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ड्रेनों में आई दरारों को प्रशासन ग्रामीणों की मदद से पाटने में लगा था। गांव बुगाना में छत गिरने से एक बुजुर्ग घायल हो गया। गांव बुगाना में आधा गांव पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है।

- निगमायुक्त नीरज का जलभराव क्षेत्रों में निरीक्षण



हिसार। हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन के टूटने से आसपास के एरिया में जलभराव। फोटो : हरिभूमि

### दरकने लगे घर, लोगों में फैल रही दहशत

गांव राजली, सुलखनी, मिर्जापुर, सरसौद, बिछपड़ी, जेवरा, जुगलान, चानौत, धांसू, शाहपुर, टोकस, पातन आर्यनगर, न्योलीकलां, मसूदपुर, लितानी समेत दर्जनों गांवों में लंबे समय से घरों के आसपास बरसाती पानी खड़ा होने से दीवारों में दरारें आने लगी है, फर्श बैठने लगे हैं। कई गांवों में घरों की छत गिरने से लोग चोटिल हो रहे हैं, साथ ही मलबे में सामान दबने से लोगों को लाखों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बता दें कि जिले के गांव कोथकलां में बारिश के कारण मकान ढहने से एक महिला की मौत हो चुकी है।

### बालसमंद सब तहसील का घेराव किया

*बारिश और जलभराव से हुए फसल नुकसान के मुआवजे की मांग पर किसानों ने गुरुवार को बालसमंद सब तहसील का घेराव किया। अखिल भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में किसानों ने पहले तहसील के गेट पर धरना दिया। बाद में बालसमंद-भादरा मुख्य रोड को जाम कर दिया। नायब तहसीलदार अजय ने मौके पर पहुंचकर किसानों की मांगें सुनीं। उन्होंने बताया कि क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग अधिकारियों को लिखित में भेजी गई है। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि जो भी संभव आर्थिक सहायता होगी, वह उपलब्ध कराई जाएगी।*

### डीसी से मिलने पहुंचे राजली के ग्रामीण

लगातार हो रही बारिश के चलते राजली गांव में पानी से फसलें जल मग्न हो गई है, वहीं गांव के अंदर भी अब पानी घुस गया है। इसके चलते लोग परेशान हो गए। गुरुवार को पीड़ित परिवार उपायुक्त अनीश यादव से मिलने के लिए पहुंचे। खेतों में बनी ढाणियां एवं फसलें नष्ट हो चुकी हैं। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। गुरुवार सुबह हुई बारिश के बाद शहर के कुछ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिसको देखते हुए निगमायुक्त नीरज ने प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उनके साथ नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत आजाद नगर और उसके आस-पास के क्षेत्रों से हुई, जहां निगमायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती पानी की निकासी प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए।

**खास बातें**

- जनस्वास्थ्य मंत्री के गांव में हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन फिर टूटी
- सरकारी व निजी स्कूलों में अवकाश दो दिन बढ़ाया
- जलभराव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट लगाए चिकित्सा शिविर
- किसानों ने मांगा फसल नुकसान का मुआवजा

## पुलिया को तोड़ने के दिए निर्देश

# मंडलायुक्त गर्ग ने भाटला व घिराय गांवों में जलभराव का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिसार मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने गुरुवार को उपमंडल के गांव भाटला व घिराय का दौरा कर जलभराव की स्थिति तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ, तहसीलदार अनिल कुमार बिढान तथा बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य, विकास एवं पंचायत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


मंडल आयुक्त अशोक गर्ग दोनों गांव के खेतों तथा रिहायशी इलाकों पहुंचें। इस दौरान उन्होंने चैनत गांव के ग्रामीणों तथा किसानों से जल निकासी प्रबंधों तथा फसल खराबे को लेकर बातचीत की। ग्रामीणों ने मंडलायुक्त को बताया कि फसलों में काफी नुकसान हुआ है। इस पर मंडलायुक्त ने किसानों से कहा कि वह ई-क्षति पूर्ति पोर्टल पर फसल नुकसान का विवरण दर्ज करवाएं। राज्य सरकार द्वारा फसल खराबे का मुआवजा उपलब्ध करवाया जाएगा।

भाटला तथा घिराय गांव के ग्रामीणों ने मंडल आयुक्त से कहा कि गांवों की बिजली सप्लाई फिलहाल अस्थाई तौर पर मसूदपुर पावर हाउस से जोड़ी गई है। घिराय, चैनत व भाटला गांवों के ग्रामीणों ने मांग रखी कि मसूदपुर पावर हाउस से तीनों गांवों की बिजली सप्लाई स्थाई रूप से जोड़ी जाए। मंडल आयुक्त ने इस पर कहा कि इस संबंध में जल्दी ही संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। मंडलायुक्त ने कुलाना -भाटला गांव के रास्ते में पड़ने वाली पुलिया को तोड़ने के भी निर्देश दिए ताकि पानी की निकासी और अधिक तेज गति से हो सके। घिराय गांव में वीटी पंपसेट को 2 दिन में चालू करवाने के निर्देश दिए।



हांसी। जल निकासी प्रबंधों का जायजा लेने के बाद ग्रामीणों से रूबरू होते मंडलायुक्त अशोक गर्ग, साथ हैं एसडीएम राजेश खोथ व अन्य अधिकारी।




# जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज



हिसार। जलभराव क्षेत्रों को दौरा करते अधिकारी व जन प्रतिनिधि।

हिसार। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज किए गए हैं। टूटी हुई ड्रेन को पाटने तथा आबादी क्षेत्र से जल निकासी के लिए अतिरिक्त संसाधन व श्रम शक्ति लगाई गई है। उपायुक्त अनीश यादव ने गुरुवार को विधायक रणधीर पनिहार, संजीव गंगवा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ आर्य नगर, शाहपुर, मात्रश्याम में ड्रेन की वर्तमान स्थिति के साथ- साथ व आबादी व खेतों में जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उपायुक्त अनीश यादव ने हिसार शहर के एयरपोर्ट चौक, बरवाला चुंगी, मिल गेट व 12 क्वार्टर क्षेत्र, एचटीएम थाना क्षेत्र इत्यादि स्थलों का भी दौरा किया। गांवों के निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित विभागों को ड्रेन के तटबंधों पर चौकसी बढ़ाने और राहत कार्यों की निगरानी करने के साथ-साथ प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। उपायुक्त ने अवगत करवाया कि संवेदनशील गांवों में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, डीडीपीओ, बीडीपीओ, ग्राम सचिव व पटवारियों की फील्ड में तैनाती की गई है।

- प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में टूटी हुई ड्रेन को पाटा जा रहा

# एनआईआरएफ में गुजवि बना प्रदेश का नंबर-1 विवि

- गुजवि ने देशभर में 32वीं रैंक हासिल की


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क यानि एनआईआरएफ 2025 में देश के राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में प्रभावशाली 32वीं रैंक हासिल करके एक बार फिर भारत के शीर्ष उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना नाम दर्ज कराया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गुजवि हरियाणा में नंबर 1 राज्य विश्वविद्यालय के रूप में उभरा है, जो राज्य और उसके शैक्षणिक समुदाय के लिए बेहद गर्व की बात है। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि अपेक्षाकृत नया संस्थान होने के बावजूद, केवल तीन दशक पहले स्थापित, गुजवि ने भारत भर के कई पुराने और स्थापित विश्वविद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जो इसके तीव्र विकास पथ, मजबूत शैक्षणिक संस्कृति और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।






### फ्रेशर्स के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

# ओएसजीयू में हवन के साथ हुआ नए सत्र का आगाज

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में हवन एवं मंत्रों के साथ नए शिक्षा सत्र का आगाज किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने सभी नवागत विद्यार्थियो को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. पुनीत गोयल ने कहा, यह सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने का समय नहीं है, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का भी समय है।


हिसार। नए सत्र के शुभारंभ मौके पर हवन करते ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल व अन्य।

### नियम बताए

नए सत्र का आगाज पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियो को विश्वविद्यालय के नियमों से अवगत करवाया और विश्वविद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा के विभिन्न आयामों से रूबरू करवाया। इसी दौरान सभी विभागों के डीन, इंचार्ज और एचओडी भी विद्यार्थियो से रूबरू हुए और विभाग विषयों से संबंधित जानकारी दी।

# मेयर ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

- प्रवीण पोपली ने स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने गुरुवार को महाराजा अग्रसेन सामान्य अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलोत, डॉ. सुभाष खतरेजा, डॉ. विकास सहित अन्य चिकित्सकों से शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए।


हिसार। दौरे के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते मेयर प्रवीण पोपली।

### फॉगिंग सुनिश्चित करें

मेयर प्रवीण ने अस्पताल प्रशासन से शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों की मैपिंग करने और वहां मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए फॉगिंग, दवा और काले तेल का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। काले तेल की उपलब्धता को लेकर मेयर ने रोडवेज महाप्रबंधक से संपर्क कर आवश्यक व्यवस्था कराने की बात कही।

# नहीं हो रहा राशन कार्ड और पीपीपी से जुड़ी समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

**शिविर में दर्जनों लोग समस्याएं लेकर पहुंचे**

उपमंडल परिसर में बृहस्पतिवार को आयोजित समाधान शिविर एक बार फिर से औपचारिकता भर साबित हुआ। शिविर में दर्जनों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, मगर उनमें से अधिकांश को समस्याओं के समाधान की जगह केवल आश्वासन मिल।

फैमिली आईडी और राशन कार्ड से संबंधित शिकायतों को लेकर लोग पिछले कई महीनों से समाधान शिविर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन आज तक किसी समस्या का नतीजा कुछ भी नहीं निकल रहा।

जगदीश कॉलोनी निवासी फरियादी प्रदीप के परिवार ने बताया कि उनकी फैमिली आईडी में 51 हजार रुपए सालाना आय दर्ज है, बावजूद इसके उनका राशन कार्ड काट दिया गया। वह चौथी बार समाधान शिविर में आए हैं, लेकिन उन्हें हर बार सिर्फ यह कहा जाता है कि समाधान जल्द होगा।

## आभूषण और नकदी चोरी करने वाला काबू

**बरवाला।** पुलिस ने गांव जेवरा स्थित एक मकान से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी के मामले में आरोपी गांव के ही सुखबीर को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि इस संबंध में जेवरा निवासी वेदप्रकाश ने शिकायत दी थी कि 7 अगस्त को उसके घर में किसी ने आभूषण व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने इस मामले में सुखबीर को गिरफ्तार करके आभूषण व नकदी की बरामदगी के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## अवैध पिस्तोल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने रायपुर के पास से एक व्यक्ति को काबू करके अवैध पिस्तोल बरामद किया है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जहाजपुल निवासी शुभम उर्फ सरपंच को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर शुभम उर्फ सरपंच के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया है।

## शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**सिवानी।** खंड के गांव गैडावास के शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लीलस का शैक्षणिक भ्रमण किया। सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों ने पूरे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर का भ्रमण किया। इसके पश्चात वहां पर कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर रविन्द्र कस्वा ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी प्रदान की। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध करवाई जाने वाली सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लीलस में कार्यरत जितेन्द्र गोदारा का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के लिए विद्यालय निदेशक सुरेश गेट का धन्यवाद किया। वहीं निदेशक सुरेश गेट ने विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी देने और अपना विशेष समय देने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर रविन्द्र कस्वा, रोहताश पायल, भजनलाल वर्मा, गीता एएनएम और सभी स्टाफ सदस्यों का आभार जताया।

# मोदी के नेतृत्व में जीएसटी स्लैब में कटौती आम जनता को देगी सीधी राहत : रतेरिया


हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी


धर्मवीर रतेरिया

**अर्थव्यवस्था में सुगमता और पारदर्शिता बढ़ेगी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर की दरों में महत्वपूर्ण कमी की घोषणा का भाजपा हांसी के जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह निर्णय देश की जनता को सस्ता सामान उपलब्ध कराने और व्यापार जगत के लिए कर अनुपालन को सरल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मोदी ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि कर प्रणाली सरल और पारदर्शी बने तथा समाज के हर वर्ग को आर्थिक सुधारों का लाभ मिले। जीएसटी दरों में की गई यह कटौती उसी दिशा में एक ठोस पहल है। इस निर्णय से जहां आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं अब कम दाम पर उपलब्ध होंगी वहीं छोटे और मझोले उद्यमियों को कर ढांचे में राहत मिलेगी। उपभोक्ता खर्च और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे अर्थव्यवस्था में सुगमता और पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के "न्यूनतम कर, अधिकतम सुविधा" के संकल्प और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिचायक है।




























## वकीलों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**हिसार।** लगातार बारिश से गांव आर्यनगर, पातन, शाहपुर, गंगवा और कैमरी सहित पूरे जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। खेतों की फसलें तबाह हो चुकी हैं, मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और ग्रामीण पलायन को विवश हैं। एडवोकेट बजरंग इंदल, एडवोकेट विनोद गुरी, एडवोकेट दिनेश बिश्नोई, एडवोकेट चंद्रशेखर और अमित जाटव ने उपायुक्त अनीश यादव से मुलाकात कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आर्यनगर से गुजरने वाली पूरी ड्रेन को पक्का करने, स्थायी जल निकासी की व्यवस्था करने, किसानों को मुआवजा दिलाने, क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे कर आर्थिक मदद देने और प्रभावित परिवारों को राहत एवं पुनर्वास उपलब्ध कराने जैसी मांगें रखी गईं।

## पटेल नगर में 16वां मां भगवती विशाल जागरण कल

**हिसार।** मां वैष्णो सेवा समिति की ओर से 6 सितम्बर की रात्रि पटेल नगर मेन मार्केट ग्राउंड में 16वां मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल एवं विधायक नलवा रणधीर पनिहार होंगे जबकि अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली करेंगे।

- मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा होंगे


विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उपराष्ट्रपति कृष्णकांत के पौत्र विराटकांत, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, राजेश अरोड़ा, पूर्व पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा मौजूद रहेंगे।

समिति के प्रधान हरीश छाबड़ा ने बताया कि जागरण से पूर्व 5 सितम्बर को महामाई का ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। महामाई का ध्वज दुर्गा मंदिर मढ़ी से चलकर जागरण स्थल पर स्थापित किया जाएगा। 6 सितम्बर को रात्रि साढ़े 7 बजे पं. ओमप्रकाश शर्मा पूजा करेंगे।















## सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए पुलिस हर नागरिक के साथ खड़ी

# एसपी ने जलभराव क्षेत्रों का लिया जायजा, नागरिकों से किया संवाद

### जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते गांव चैनत, भाटला, गढ़ी व भाटोल आदि क्षेत्र में उत्पन्न जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा प्रशासनिक अधिकारियों को मौके की स्थिति से अवगत कराते हुए जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि यह समय है जब प्रशासन और पुलिस को मिलकर जनसेवा की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था पर निगरानी बनाए रखने, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा पुलिस बल को पूरी तत्परता से तैनात रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हांसी पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर आपदा और संकट की घड़ी में नागरिकों के साथ खड़ी रहने के लिए सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध है।

उन्होंने संबंधित थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले क्षेत्रों में तुरंत गश्त बढ़ाई जाए तथा लोगों की सुरक्षा और आवागमन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आमजन को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध करवाई जाए।


हांसी। पुलिस अधिकारियो के साथ जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

# पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हो हिसार

- हिसार शहर को स्वच्छ शहर बनाने में सभी के सहयोग जरूरी : नीरज
- नगर निगम द्वारा ओपीजेएमएस स्कूल में स्वच्छता की संस्कार सम्मेलन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम द्वारा ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल में स्वच्छता संस्कार सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि मेयर प्रवीण पोपली ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगमायुक्त नीरज ने की। विशेष रूप से ओपीजेएमएस स्कूल की प्राचार्या नंदिता साहू मौजूद रही। इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज ने मौजूद सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हरियाणा के सभी शहरों में स्वच्छता से सम्बन्धित कार्य किए जा रहे है। नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर रहे है। सभी मौजूद यहीं धारण करे पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हिसार हो। उन्होंने कहा कि मौजूद सभी अपने घर के साथ-साथ अपने मोहल्ले व स्कूल और उसके आस-पास के क्षेत्र को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। निगमायुक्त नीरज ने कहा कि मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर की सूरत बदलने में हिसार शहर को स्वच्छ शहर बनाने में आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है।


हिसार। स्वच्छता की शपथ दिलवाते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, विशेष सफाई अधिकारी हरबीर, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, सभी पार्षद, जिला शिक्षा अधिकारी वेद दहिया, सीएसआई राजकुमार, सभी एएसआई और शहर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के प्राचार्य, संचालक, प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पेटवाड़ के अध्यापक के खाते से 80 हजार की साइबर ठगी

**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ निवासी एक अध्यापक के बैंक खाते से 80 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित मास्टर ने मामले की शिकायत हांसी साइबर अपराध थाना में दी हैं। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पेटवाड़ निवासी रमेश कुमार पेशे से अध्यापक हैं और गांव में ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं। रमेश कुमार ने बताया कि 12 जून को जब उन्होंने मोबाइल फोन से अपना बैंक खाता चैक किया तो हैरान रह गए। उनके स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बैंक खाते से 50 हजार और 30 हजार रुपये, कुल 80 हजार रुपये गायब मिले। पीड़ित ने कहा कि इस दौरान उनके फोन पर किसी भी प्रकार का ओटीपी या कॉल नहीं आया और न ही उन्होंने अपने फोन में कोई नई एप्लीकेशन डाउनलोड की। इसके बावजूद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से रकम निकाल ली। पीड़ित ने तुरंत साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद रमेश कुमार ने साइबर थाना में दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निगम ने 4 दुकानदारों का काटा चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान' के तहत गुरुवार को नगर निगम की टीम ने शहर में आर्य समाज मंदिर मार्केट में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। राजगुरु मार्केट में टीम ने दुकानों में कचरा एकत्र करने के लिए डस्टबिन न रखने पर 4 दुकानदारों के चालान इसके अलावा खुले में कचरा डालने पर एक व्यक्ति का चालान किया गया। इस दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू और हरेराम मौजूद रहे।

# बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता में छात्रा ईशा ने मारी बाजी

- द्वितीय स्थान पर छात्रा गीतांजलि तथा तृतीय स्थान छात्रा कुसुम ने प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

राजकीय महाविद्यालय बरवाला में बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक प्राचार्या रेखा सलूजा ने किया। पदोन्नत प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किया। प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. श्वेता ने बताया कि बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता में में प्रथम स्थान पर छात्रा ईशा और द्वितीय स्थान पर छात्रा गीतांजलि तथा तृतीय स्थान छात्रा कुसुम ने प्राप्त किया।


बरवाला। प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



## दिनेश गिल प्रधान व महेंद्र बने सचिव

**हिसार।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन यूनिट नंबर-2 के त्रैवार्षिक चुनाव डिवीजन नम्बर-2 के प्रांगण में सर्वसम्मति से हुए। इस अवसर पर ऐडहॉक कमेटी की ओर से चुनाव अधिकारी की भूमिका ईश्वर बाबा (पूर्व प्रांतीय महासचिव) एवं बालमुकुंद बापोड़ा (पूर्व प्रांतीय प्रधान) ने निभाई, जबकि सर्कल सचिव हिसार दलबीर श्योराण ने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। चुने गए पदाधिकारियों में चेयरमैन साधू राम डूडी, प्रधान दिनेश गिल, वरिष्ठ उप प्रधान वीरेंद पूनिया, उप प्रधान सुभाष लौरा व जयभगवान, सचिव महेंद्र, सह सचिव अनिल श्योराण, लेखाकार हेमंत जांगड़ा, कोषाध्यक्ष शमशेर, संगठनकर्ता अनिल सैनी, भीम सिंह, सोहन, मनीराम व राजेश कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी ईश्वर बाबा, प्रांतीय सह सचिव प्रदीप लोरा एवं यूनिट हांसी के प्रधान विकास नेहरा आदि मौजूद थे।

## धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए हांसी पुलिस ने फ्रॉड किए गए 6 लाख 20 हजार रुपए खाते में डलवाने वाले आरोपी भिवानी जिले के गांव पातनवास निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। सीआईए हांसी में तैनात पीएसआई कपील कुमार ने बताया कि आरोपी ने पिछले महीने में कई व्यक्तियों को बहला फुसलाकर रुपए का लालच देकर उनके अकाउंट खुलवाकर उनसे एटीम लेकर उनके खातों में धोखाधड़ी किए गए रुपए डलवाता था। आरोपी ने शिकायकर्ता के खाते में फ्रॉड किए गए 6 लाख 20 हजार रुपए डलवाए थे। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में मामला दर्ज हुआ था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से 3 लाख 20 हजार रुपए को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

## नई सब्जी मंडी में लगाया 34वां भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की टीम ने बारस के अवसर पर पर नई सब्जी मंडी में 34वां मासिक भंडारा लगाया। भंडारे की शुरुआत देवराज बवेजा व वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण द्वारा भोग लगवाकर की गई। सैंकड़ों लोगों ने कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान, सदस्य अरुण सेठी, डॉ. संजय, सोनू, सुभाष सैनी, राजू, हैप्पी सैनी, डॉक्टर मोहित, बंसी हलवाई, राकेश, हैप्पी बालान, सौरभ, ललित सैनी, गुलशन गाबा, मिथुन, अशोक रोहिल्ला, संजय शर्मा, विजय बालान, पारुल कुमार, संदीप जांगड़ा, गोगा, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय बहुतकनीकी में खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली व्याख्यान का आयोजन

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी में खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली पर एक ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतरिक्ष सिन्हा. से विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल हुए। अपने व्याख्यान में अंतरिक्ष सिन्हा ने खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली की उपयोगिता और व्यवहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली खाद्य उद्योग में कानूनी रूप से आवश्यक है। संस्थान के प्राचार्य जगमोहन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के विशेषज्ञ व्याख्यान उन्हें उद्योग जगत की जमीनी आवश्यकताओं से जोड़ते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।





हिसार। स्वच्छता का संदेश देते कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय महाविद्यालय के कैडेट्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के कैडेट्स ने नगर निगम हिसार के तत्वाधान एवं थर्ड हरियाणा बटालियन एनसीसी और थर्ड हरियाणा बटालियन (गर्ल्स) एनसीसी के निर्देशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन एमिनेंट माल एवं रेड स्क्वेयर मार्केट में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 35 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और नुक्कड़ नाटक व रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर स्पेशल ऑफिसर इन सैनिटेशन हरबीर सिंह, लेफ्टिनेंट एनएस तोमर एवं पीआई शमेशेर सिंह, कैप्टन स्नेहलता विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को देखने और समर्थन देने के लिए 200 से अधिक दर्शक उपस्थित रहे।

## बीएस माडर्न स्कूल के छात्रों का कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** ऋषि नगर स्थित बीएस माडर्न हाई स्कूल के छात्रों ने 14वीं हिसार कराटे कप 2025 प्रतियोगिता में सात पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन सूरज स्पोटर्स एकेडमी द्वारा किया गया था। छात्रों के इन पदकों में एक स्वर्ण, दो रजत व चार कांस्य पदक शामिल हैं। स्कूल की मुख्याध्यापिका मंजू गांधी ने सभी विजेताओं व कोच को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

